# रणजीत टाइम्स

वर्ष : 1, अंक: 114 इंदौर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

DIGITAL EDITION



॥ जय श्री परशुराम ॥

राष्ट्र भक्ति के सिंधु हम ब्राह्मण से पहले हिन्दु हम !

अग्रतः चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः । इदं ब्राह्मं इदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ॥

स्नेह निमंत्रण

वर्ष 2018 से निरंतर



**शोभा यात्रा**

दिनांक : 04-05-2025, रविवार

समय : शाम 4.30 बजे

स्थान : श्री परशुराम महादेव मन्दिर

संचार नगर कनाड़िया मेन रोड़. इन्दौर

यात्रा पश्चात भोजन प्रसादी अवश्य ग्रहण करें

मुख्य संरक्षक : ब्राह्मण गौरव

**पं. रमेश मेंदोला**

यात्रा संयोजक
**पं. दिलीप शर्मा**
(पूर्व पार्षद)

विशेष आग्रह
**पं. संदीप जोशी**
(सर्व ब्राह्मण युवा संगठन-नगर अध्यक्ष)

अध्यक्ष
**पं. राकेश जोशी**

कोषाध्यक्ष
**पं. शिवकुमार पाराशर**

महासचिव
**पं. राजेश दुबे**

यात्रा प्रभारी
**डॉ. अंकित बाजपेयी**

अध्यक्ष
**सुश्री नेहा शर्मा**

सचिव
**पं. अमर चंकी पांडे**

यात्रा संस्थापक
**पं. राजेश तिवारी**

इकाई संस्थापक
**पं. चंदन दवे**

सह यात्रा प्रभारी

पं. संदीप व्यास, पं. मनीष शर्मा, पं. अमरीश पाराशर, पं. मुकेश द्विवेदी

**आयोजक - सर्व ब्राह्मण युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, इन्दौर**

किसी भी प्रकार के सहयोग एवं संगठन से जुड़ने के लिए सम्पर्क करे

**9926639501, 9827354034, 9630134666, 6262185853**


### सावधान रहें!

# फाइनेंस फ्रॉड करने वाला विशाल खटवानी सक्रिय

इंदौर। इंदौर की एक प्रतिष्ठित कंपनी के साथ एक व्यक्ति ने धोखाधड़ी की है, जिसका नाम विशाल खटवानी है। यह स्वयं को अहमदाबाद निवासी बताता है और अपना पता भी उपलब्ध कराता है। यह व्यक्ति फाइनेंस कराने के बहाने संपर्क करता है और दावा करता है कि वह बैंक के ब्याज से भी सस्ता (1% ब्याज पर) लोन उपलब्ध कराएगा।

## फ्रॉड का तरीका

पहले आपकी प्रॉपर्टी देखने के नाम पर आपसे मिलना। वकील से कागजी कार्यवाही का हवाला देना। झूठा वादा करना कि 24 घंटे में फंड ऑनलाइन रिलीज करवा देंगे। 5 साल के कॉन्ट्रैक्ट का झांसा देना। खुद को अमीर और प्रतिष्ठित दिखाने के लिए सोने की चेन, अंगूठी, ब्रांडेड घड़ी (Rado) और ब्रांडेड टी-शर्ट पहनकर अच्छे होटल में मिलना। फाइनेंस फीस के नाम पर मोटी रकम वसूलना। लेने के बाद मोबाइल नंबर बंद कर देना। सोशल मीडिया पर कोई असली प्रोफाइल न होना। "Shivay Electronics" नामक कंपनी का फर्जी डिस्ट्रीब्यूटर बताना।

इंदौर की कंपनी के साथ इस व्यक्ति ने: 50,000 फाइनेंस फीस के नाम पर, 9,50,000 कैश अलग-अलग माध्यमों से लेकर, कुल लगभग 10 लाख की धोखाधड़ी की है।

## जनता से अपील


ऐसे फाइनेंस फ्रॉड करने वाले व्यक्तियों से सावधान रहें। बिना पूरी जाँच किए किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसा न दें। यदि यह व्यक्ति आपके आसपास दिखाई दे, तो तुरंत नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।



**संपर्क नंबर:- 9827068888**

इस व्यक्ति का फोटो ऊपर प्रकाशित किया गया है। कृपया सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। एकजुट होकर ऐसे फर्जी लोगों को पकड़वाएं।



# ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है



भारतीय दर्शन में शास्त्र के कथनानुसार चलने का महत्व है और तदनुसार आत्मा ही है परमात्मा को पाने का माध्यम, अतः उसे जगाना होगा। इसे सरलता से निशुल्क घर बैठे अनुभव करने का उपाय है श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग ध्यान पद्धति। यह सहज योग ध्यान पद्धति पतन्जलि योग पद्धति के आठ अंगों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा तथा समाधि के सिद्धान्त का अनुमोदन करती है। इसमें आरंभ के चार अंग भौतिक शरीर के सुख एवं रोग क्लेश निवारण के लिये हैं, और शेष चार मन मस्तिष्क एवं आत्मिक सुख का साधन हैं। ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है। ध्यान की अनुभव सिद्धता का आनंद जो कुछ मिनिटों की प्रार्थना से ही लेना गूंगे के गुड़ के समान शब्दातीत है, जिन खोजा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठा।

सहज योग ध्यान के माध्यम से आत्मा के जागरण के द्वारा आनंद का अमृत जीवन को सींचता है, रोग, शोक, भय, आशंका, पीड़ा सबका नाश हो कर आत्मिक सुख प्राप्त होता है। मनुष्य का कल्याण ध्यान के द्वारा बड़ी सहजता से होता है इसी कारण इसे सहजयोग कहा जाता है। संसार की अनेक सभ्यताएं प्रकाश की आराधना श्रद्धा और समर्पण से करती रही हैं क्योंकि प्रकाश ही परम शक्ति का प्रतीक है जो जीवन को नश्वरता से अमरत्व की ओर ले जाने का प्रेरक आनंद है। सहजयोग की ध्यान पद्धति बड़ी सूक्ष्मता से इस आनंद को हमारे भीतर जगा देती है और हमारे आत्म विश्वास को दृढ़ करती है। आनंद की सर्जना करने वाली माँ हमारे भीतर हैं, और वह ध्यान द्वारा जागृत की जा सकती हैं।भारतीय संस्कृति मातृ शक्ति की उपासक रही है मातृ देवो भव का आदर्श हमारा आधार है। वैदिक काल से ले कर वर्तमान युग तक हम नदी, धरती, गाय, और देश को भी माँ के नाम से पूजते हैं। अथर्व वेद मे उल्लेख है माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र । इस भावना के पार्श्व में गूढ़ ज्ञान विलोपित है। वास्तव में शिव से पृथक शक्ति ही प्रकृति है पाँच तत्वों में यही मातृ शक्ति सूक्ष्म रूप मे जीव का सर्जन करती है। और जीव के जन्म लेने के पश्चात उसकी इच्छा शक्ति (विल पॉवर) के रुप उसके आनंद का सृजन करने को आतुर रहती है उसकी इसी आतुरता को स्वयं के बारे मे जानने की जिज्ञासा को कोऽहम् ?कहा गया।

ध्यान इसी कः अहम् ? की जिज्ञासा का उत्तर है। परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणीत सहज योग की ध्यान पद्धति अत्यंत सरलता से इस प्रश्न के उत्तर को अनुभव कराती है। निश्चय ही माँ सृष्टि की आनंद दायिनी सर्जक शक्ति है वही हमारे आत्म बल को बलवत्ता प्रदान करती है इसी लिए हम भारतीय परंपरा से ही शक्ति के उपासक हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें www.sahajayoga.org.in एवं टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल करें।

# रात्रि गस्त अवैध गतिविधियों को रोकने एवं अपराधियों पर कार्यवाही करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं

## रात्रि मे एसडीओपी पिछोर द्वारा रात्रि गस्त का निरीक्षण किया एवं थाना पिछोर का औचक निरीक्षण किया

ऋषि गोस्वामी



शिवपुरी । रात्री के समय पुलिस रात्रि गस्त मे अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों व अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही करने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । इसी तारतम्य मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी जिले के अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में दिनांक 26/27.04.2025 की रात्री मे एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के द्वारा रात्री गस्त मे लगे समस्त बल को चैक किया एवं मुस्तेदी के साथ गस्त करने हेतु निर्देशित किया । रात्री के समय मे ही एसडीओपी पिछोर के द्वारा थाना पिछोर पहुंचकर थाने का औचक निरीक्षण किया । एसडीओपी पिछोर द्वारा थाना पिछोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जो निम्नानुसार रहा -

1. थाना पर उपस्थित बल के साथ थाने का भ्रमण किया साफ-सफाई अच्छी पाई गई
2. थाना की हवालात चेक किया कोई आरोपी नहीं पाया गया न ही कोई व्यक्ति थाना पर बैठा पाया गया
3. थाना के महत्वपूर्ण रजिस्टर अपराध, मर्ग, गुम इन्सान, माइक्रो बीट, मेडीकल, गुण्डा, निगरानी रजिस्टर चेक किया
4. थाना पर लम्बित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इन्सान के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं लम्बित गिरफ्तारी वारंट, स्थाई वारंट तामील कराने के निर्देश दिए गए
5. थाना पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त आदेश निर्देशो का पालन कराने का बताया गया
6. रात्रि गश्त अधिकारी को ठीक ढंग से गस्त करने का निर्देश दिया गया
7. सीसीटीएनएस सिस्टम चेक किया गया, सारे ऐप सक्रिय पाये गए एवं निरीक्षण रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

# KFC ग्रुप और बा सुल्तान का गरजता ऐलान

## अब पाकिस्तान को पूरी तरह खत्म करो, मोदी जी से सीधी गुहार



धार/अंबाखेड़ी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 25 बेगुनाह पर्यटकों की शहादत ने मुल्क के हर वतनपरस्त को झकझोर दिया है। अंबाखेड़ी स्थित KFC ग्रुप और उसके प्रमुख बा सुल्तान ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ सख्त आवाज बुलंद करते हुए मोदी सरकार से मांग की कि अब वक्त आ गया है, जब पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा दिया जाए। बा सुल्तान ने कहा कि आज तक पाकिस्तान ने हमारे देश को सिर्फ जख्म दिए हैं — पुलवामा में हमारे वीर जवानों पर हमला,

ताज होटल (26/11) में बेकसूरों का कत्लेआम, उरी में भारतीय सैनिकों की शहादत, पठानकोट एयरबेस पर कायराना हमला, संसद पर 2001 में हमला — लोकतंत्र के मंदिर को निशाना बनाना, कारगिल में धोखे से जंग थोपना,

कंधार विमान अपहरण (IC-814) और निर्दोष भारतीयों को बंधक बनाना, संगीन बॉर्डर पर जवानों के सिर काटना। हर बार पाकिस्तान ने नापाक हरकतें कीं और हमारी इंसानियत को लहूलुहान किया। अब सब्र का प्याला छलक चुका है।

बा सुल्तान ने कहा — » "अब बात पानी रोकने की नहीं, पाकिस्तान की साँसे रोकने की है। पाकिस्तान को ऐसी सजा दी जाए कि आने वाली पीढ़ियाँ भी उसकी तबाही से सबक लें।" उन्होंने कहा कि पैग़म्बरे इस्लाम ने भी फरमाया है कि किसी एक बेगुनाह का कत्ल, पूरी इंसानियत का कत्ल है। पाकिस्तान और उसके आतंकवादी मानवता के सबसे बड़े दुश्मन हैं। इनको अब जड़ से उखाड़ फेंकना होगा।

KFC ग्रुप ने सरकार से मांग की

आतंकवादियों को कोर्ट में सुनवाई का मौका न दिया जाए, सीधा मौत की सजा दी जाए, पाकिस्तान पर पूरी ताकत से सैन्य कार्रवाई कर, उसे नेस्तनाबूद कर दिया जाए।

बा सुल्तान ने कहा — » "मोदी जी, अब बहुत हो गया। देश अब मुंहतोड़ जवाब नहीं, बल्कि आखिरी फैसला चाहता है। पाकिस्तान के घर में घुसकर ऐसा सबक सिखाइए कि इतिहास भी कांप जाए। अब दुश्मन को पूरी तरह मिटा देना चाहिए।"

KFC ग्रुप अंबाखेड़ी और बा सुल्तान ने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सब्र और हिम्मत अता करने के लिए दुआ की।

पूरा देश आज एक सुर में यही पुकार रहा है — » "अब आर या पार — पाकिस्तान को समाप्त कर दो।"

## आतंकी हमले के विरोध में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# युवाओं ने व्यक्त किया आक्रोश



इंदौर संस्था ताई साहेब वेलफेयर सोसाइटी एवं स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ओपन माइक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा आतंकवाद के प्रति गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं प्रसिद्ध कवि राकेश दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में श्री खारीवाल ने कहा, "पाकिस्तान को हर मोर्चे पर करारा जवाब देते हुए आतंकवाद को जड़ से समाप्त करना चाहिए।" उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की। प्रसिद्ध कवि श्री राकेश दांगी ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से आतंकवाद का विरोध किया और युवाओं में राष्ट्रभक्ति का जोश भरा। उन्होंने कहा कि, "हमें शत्रु बोध आवश्यक है और हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए।"

कार्यक्रम में युवा वक्ताओं में देवेंद्र कुमार, संदीप सिंह परमार, लाफ्टर गुरु उज्जवल जी, सोनाली कानडे, सार्थक सिंह चौहान, वल्लभी हिमांशु सोनी, खुशी सोलंकी, अदभुत कम्युनिटी से सिद्धार्थ शर्मा एवं कला स्तंभ से पुष्कर सोनी, जीवन कनेरिया, सिद्धि कनेरिया आदि राष्ट्रभक्तों ने भी अपनी वाणी के माध्यम से आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन संस्था सदस्य कुणाल भंवर ने प्रभावी रूप से किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन संस्था अध्यक्ष नम्रता सावंत द्वारा किया गया। सभा में उपस्थित सभी वक्ताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता पर बल दिया और शहीदों के बलिदान को नमन किया।

## कनाडिया थाना पुलिस को बड़ी सफलता, 2 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

इंदौर।शहर में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाडिया थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 400 ग्राम गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है, जिसकी कुल कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर श्री अमित सिंह के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-2 श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त, खजराना श्री कुंदन मंडलोई के नेतृत्व में एक विशेष कार्ययोजना तैयार की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 27 अप्रैल 2025 को कनाडिया थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक गांजा बेचने की फिराक में कनाडिया बायपास सर्विस रोड पर खान कंपाउंड गेट नंबर 2 के पास खड़े हैं। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम रवाना कर मौके पर दबिश दी गई, जहाँ दो संदिग्ध युवक दिखाई दिये। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दीपेश पिता संतोष रजक (उम्र 19 वर्ष, निवासी 133 चेतन नगर बंगाली चौराहा) और एक विधि विरुद्ध बालक के रूप में बताए।

तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से 2 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ थाना कनाडिया में अपराध क्रमांक 221/2025, धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। आरोपियों के पास से गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है। वर्तमान में पुलिस द्वारा आरोपियों से गांजा के स्त्रोत एवं सप्लाई चैन के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। इस सफलता में थाना कनाडिया के थाना प्रभारी निरीक्षक सहर्ष यादव, उप निरीक्षक सचिन आर्य,प्रधान आरक्षक योगेश झोपे (838), अनिल झा (3837),आरक्षक जंगजीत जाट (1196), मनोज पटेल (3588), अमित भदौरिया (1358), पुष्पराज, तथा साइबर सेल जोन-2 के आरक्षक प्रवीण एवं विनीत मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध मादक पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसे अपराधों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके।



### बड़वानी पुलिस की बड़ी प्रभावी कांबिंग

# गस्त कॉम्बिंग गश्त में 46 फरार अपराधियों को किया गिरफ्तार



**बड़वानी**

जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से बड़वानी पुलिस द्वारा शनिवार रात्रि को जिलेभर में एक साथ व्यापक "कॉम्बिंग गश्त" का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 300 से अधिक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

कांबिंग गश्त के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर पुलिस ने 46 फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 17 स्थायी वारंटी और 29 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। इसके साथ ही 163 लिस्टेड गुंडों, 72 निगरानी बदमाशों और 3 संपत्ति अपराधियों की गहन चेकिंग की गई। पूरे अभियान के दौरान कुल 235 बदमाशों का सत्यापन एवं निगरानी की गई। इसके अलावा अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्रवाई में 23 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 256 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 23880/- है। साथ ही सट्टे,जुआ के भी 4 प्रकरण दर्ज किए गए। थाना सेंधवा शहर पुलिस द्वारा 2000 के उद्घोषित ईनामी बदमाश को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक डावर ने स्वयं गश्ती दलों के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया, हवालातों की चेकिंग की तथा रात्रिकालीन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक डावर ने स्पष्ट कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसे सतत अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करते हुए बड़वानी पुलिस समाज में सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# गोंगली नाले पर पुलिया नहीं होने के कारण हुआ था हादसा

**रंजीत टाइम्स**

सारंगपुर /कानड़ । सारंगपुर मार्ग स्थित गोंगली के नाले पर टोल टैक्स वालों व्दारा पुलिया पर रैलिंग नहीं बनाए जाने की वजह से अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और इस वजह से दो लोगों की मौत हो चुकी है। हाल ही वाकिया आगर रोड़ निवासी 85 वर्षीय ठाकुर करणसिंह दरबार के साथ हुआ जो पुलिया पर रेलिंग नहीं होने के कारण घायल हो गए जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। शासन को यह सब देखते हुएटोल टैक्स मैनेजर प्रीतम सोनी के खिलाफ तत्काल हत्या का प्रकरण दर्ज कर सख्त कार्रवाही की जाए।

ज्ञात रहे कि सारंगपुर मार्ग स्थित गोंगली के नाले पर टोल टैक्स वसूलीने वाले मैनेजर ने लापरवाही बरती और पुलिया को बिना रैलिंग बनाए छोड़ दिया जिसके कारण दो लोगों की मौत हो चुकी है, ताजा वाकिया आगर रोड़ निवासी ठाकुर करणसिंह दरबार के साथ हुआ जो 12 अप्रैल को नाले पर रैलिंग नहीं होने के कारण घायल हो गए थे जिनकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि इस दिन शनिवार हनुमान जयंती होने के कारण वह देर शाम अकेले पुराने बस स्टेंड स्थित कंकेश्वर मंदिर पर दर्शन के लिए आये थे जिसके



बाद वह आगर रोड़ की तरफ जाने के बजाए सारंगपुर रोड़ पर चल दिये। मंदिर से कुछ दूर पर गोंगली के नाले पर टोल टैक्स नाले के निकट नाले पर पुलिया पर रैलिंग नहीं होने के कारण सामने से वाहन आने और अंधेरा होने के कारण वह नाले में गिरकर घायल हो गए। इस पर अर्पित मालवीय, सतीश कुमावत और अरबाज खान ने करणसिंह दरबार को नाले से बाहर निकाला और हाथ ठेले पर उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें आगर रैफर कर दिया, जहां निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। ज्ञात रहे कि ठाकुर करणसिंह दरबार सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश चंद्र ठाकुर के बड़े भाई, नलखेड़ा के पूर्व बीईओ सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला चिकित्सालय आगर में पदस्थ डॉ. धीरेंद्र सिह ठाकुर, डॉ. शैलेंद्र सिंह ठाकुर, शिक्षक रूपेंद्र सिंह ठाकुर के पिता, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह झकुर के काका थे।

ज्ञात रहे कि सारंगपुर रोड़ पर राजश्री होटल के पास गोंगली नाले पर पुलिया या रैलिंग नहीं होने के कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। करण सिंह दबार सहित दो लोगों की मृत्यु हो चुकी है, वहीं नाले में गिरकर कई मोटर साइकिल सवार सहित कई लोग घायल हो चुके हैं। टोल टैक्स नाका संचालक तथा नगर परिषद के जिम्मेदारों के ध्यान में अनेक बार यह बात लाई जा चुकी है और रैलिंग बनाए जाने की मांग की जाती रही है। हालांकि हाल ही में टोल टैक्स नाका मैनेजर प्रीतम सोनी ने नाले पर रैलिंग के पास दीवार बना कर प्रकरण की लीपा पोती करने का प्रयास भले ही किया है लेकिन पुलिया से गिरकर मृत्यु के शिकार करण सिंह दरबार के परिजनों के जख्म अभी नहीं भरे हैं, उन्होंने कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक टोल टैक्स नाका संचालक के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए तथा सख्त कार्रवाही की जाए। ज्ञात रहे कि अभी तक जितने भी हादसे पुलिया पर रेलिंग नहीं होने से हुए है उनकी रिपोर्ट कानड़ पुलिस थाने में दर्ज है, अतः टोल नाका प्रबंधक के खिलाफ रिफ्तारी का वारंट जारी किया जाए।

# भांजगडी के रुपये पैसे मांगने पर राणापुर पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज

**रंजीत टाइम्स**

राणापुर ।पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ श्री पद्मविलोचन शुक्ल के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को डी- 03 ( दहेज ना लेना , दारु का सेवन ना करना एवं डी.जे का उपयोग ना करना ) अभियान का पालन करने व दहेज दापे के रुपये पैसो के लेनदेन के चलन एवं भांजगडी जैसी कुप्रथा को बंद करने हेतु लगातार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक




श्री प्रेमलाल कुर्वे, अनुविभागीय अधिकारी झाबुआ श्रीमति रुपरेखा यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राणापुर निरीक्षक श्री दिनेश रावत की पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जा रही है, उक्त निर्देशो के परिपेक्ष्य में ऐसा ही एक मामला थाना राणापुर की चौकी कुंदनपुर पर आया है जिसमें लड़की ग्राम भाण्डाखेडा चौकी कुंदनपुर व लड़का ग्राम लम्बेला चौकी कुंदनपुर के रहने वाले है दोनो के बीच गुजरात राज्य में मजदुरी के दौरान बातचीत हुई थी, लड़की अपनी राजीमर्जी से लडके के घर पहुच गई , जिस पर लड़की के परिजन द्वारा लडके से भांजगडी के 4,50,000 रुपये मांगे , लडके पक्ष द्वारा इतनी बडी रकम देने से मना किया , कुछ दिन पहले जिला झाबुआ पुलिस अधीक्षक श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा कुंदनपुर में बडी संख्या में जनसंवाद लिया था जिसमें दहेज दापा, भांजगडी प्रता, नशामुक्ति , शिक्षा , सायबर फाड संबंधी जन जागरुक किया था जिसके फलस्वरुप इस कुप्रथा के विरोध में लकडे पक्ष के फरियादी आलु पिता बुचा डामोर उम्र 65 साल निवासी लम्बेला द्वारा चौकी कुंदनपुर पर घटना की सम्पुर्ण बात लेखी आवेदन के माध्यम से दिया गया , जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे अनावेदक 1. ताना पिता राजु सिंगाड 2. बाबु पिता रमण सिंगाड , 3. अरविंद पिता बच्चु सिंगाड 4. फतेसिहं पिता लक्ष्मण सिंगाड निवासीगण भाण्डाखेडा के विरुध्द रुपये भांजगडी कर पैसे मांगने, रुपये पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देना व अश्लील गालीयों की धारा में थाना राणापुर पर अपराध क्रमांक 144/2025 धारा 308(2), 296, 351(3), 3(5) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

आम जनो से पुलिस प्रशासन की अपील:- आदिवासी जिले झाबुआ में ग्रामीण क्षेत्रो में दहेज दापे का रिवाज है जिसमें वधु पक्ष के द्वारा वर पक्ष के परिजनो से पैसो का लेनदेन अधिक मात्रा में किया जाता है । जिससे की वर पक्ष के लोगो की आर्थिक स्थिति अत्यन्त दयनीय हो जा रही है यदि किसी परिवार में लडका लडकी की शादी करना हो तो 04-05 लाख रुपये दहेज दापे , 60-70 हजार रुपये डी.जे. , एवं मदिरापान में अत्यधिक फिजुल खर्चा होता है, कई परिवार कर्जा लेकर शादी करते है एवं शादी होने के पश्चात लडका लडकी अपने परिवार सहित गुजरात मजदुरी करने के लिये चले जाते है जिसका कर्जा जीवनभर चलता रहता है, जन जागरुकता की कमी के कारण इस कुप्रथा में सुधार नही हो पा रहा था । इस कुप्रथा को बंद करने हेतु पुलिस अधीक्षक जिला झाबुआ श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा डी-03 अभियान का पुलिस टीम के साथ स्वंय गांव गांव जाकर जनजागरुक अभियान चलाया गया जिसके फलस्वरुप आदिवासी समाज में सुधार के कुछ मामले सामने आये है। इस प्रकार भांजगडी करने वालों के मामले संज्ञान में आते है

# सरकार आतंकवादियों की नापाक कोशिशों को विध्वंश करे

**रंजीत टाइम्स**

राणापुर । पहलगांव में हुए आतंकी हमले में देश के चार पांच प्रदेशों के 26 निर्दोष लोगों की धर्म पूछकर की गई हत्या से पूरा देश आक्रोशित हे।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुई एक आपात बैठक में विपक्ष ने भी आतंक को जड़मूल से नष्ट किए जाने का समर्थन किया हे जो वर्तमान स्थिति पर प्रभावी सिद्ध हो रहा हे।

नरेंद्र मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह,रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित मंत्री मंडल के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओर सभी पार्टियों के प्रमुखों ने एक स्वर में आतंकवादियों ओर उनके ठिकानों को नष्ट करने की आवाज बुलंद की हे।



इसी कड़ी में झाबुआ विधायक कार्यालय में कांग्रेस की दबंग नेत्री कलावती भूरिया की पुण्यतिथि ओर पहलगांव में हताहत लोगों को श्रद्धांजलि दी गई तथा परिवार को साहस और धैर्य प्रदान करने की कामना की गई। वरिष्ठ नेता कांतिलाल भूरिया,विधायक विक्रांत भूरिया और जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रकाश रांका ने इस बर्बरतापूर्ण कृत्य पर गहरा रोष व्यक्त किया हे। नेताओं ने सरकार को कहा कि अब सही समय हे कि आतंक ओर आतंक फैलाने वालों को मुंह तोड़ जबाव दिया जाए। भारत में भारतीयों की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की।नेता द्वय ने पहलगांव में दुश्मनों की गोली से अपने प्राण देने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार जनों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। राणापुर ब्लाक अध्यक्ष कैलाश डामोर, विजय शाह बबलू कटारा,योगी ठेकेदार,जितेंद्र शाह, महिला नेत्री सायराबानो आदि ने इसे बेहद क्रूरता बताते हुए सख्त कार्यवाही की मांग की। वरिष्ठ कवि ऐव कांग्रेस के जिला मंत्री सुरेश समीर ने भी दिवंगत लोगों के प्रति विनयांजलि देते हुए उन सभी जिन्होंने भाई,पुत्र ओर जीवन साथी खोया हे उनके प्रति सहानुभूति व्यक्त की हे। सुरेश समीर ने कहा कि यह सही समय हे कि सरकार इस नापाक प्रवृति को जड़ से समाप्त करने का शंखनाद करे।प्रत्येक भारतीय इस विषम परिस्थिति में संगठित होकर मुकाबला करे।देश का शासन, प्रशासन , सनातन ओर सभी संगठन ऐसा भय बनाए की किसी की हिम्मत न हो कि आंख उठाकर देख सके।जब श्री राम को बनवास हुआ तब भरत ने सिंहासन पर खड़ाऊ ( जूते ) रखकर शासन चलाया था,तब कोई भी अनितिमय कार्य नहीं हुआ। देश की सरकार ओर भारतीयों को भी जूते (अस्त्र शस्त्र ) लेकर कार्य करना होगा तभी हम सुरक्षित रह सकते हे।

# सकल हिंदु समाज मेघनगर ने नगर बंद कर आंतकवाद का पुतला फूंका

रंजीत टाइम्स

मेघनगर । धर्म पूछकर नरसंहार करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी की मांग करते हुए सकल हिंदु समाज मेघनगर ने नगर बंद कर विशाल रेली निकालकर स्थानीय आजाद चौक पर आतंकवाद का पुतला फूंका एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये महामहिम राष्ट्रपति के नाम थाना मेघनगर पर SDM को ज्ञापन सौंपा जिसका वाचन हिंदु समाज की और से माली बाबा ने किया और नगर मे अवैध तरीके से रह रहे बांग्लादेशियों एवं पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उन्हे बहार करने की मांग करते हुए आतंकवाद का समर्थन कर रहे स्थानीय लोगो पर भी कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई आक्रोशित भिड़ ने हिंदुओ पर अत्याचार कर रही पश्चिम बंगाल सरकार की निंदा करते हुए राष्ट्रपति सरकार लगाने की मांग की गई।



## विधायक बरडे ने ग्राम मोरतलाई में अ. जा. बस्ती कोली समाज भवन 10 लाख 38 हजार के सामुदायिक भवन की दी सौगात, किया भूमि पूजन

### वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने थामा भाजपा का दामन



रंजीत टाइम्स

खेतिया । विकास के लिए कोई कसर नही रखी जायेगी,अजा बस्ती के सामुदायिक भवन के रूप में बड़वानी जिले में एक मात्र भवन ग्राम मोरतलाई में होने जा रहा उक्त बात क्षेत्रीय विधायक श्याम बरडे के ग्राम मोरतलाई में भवन के भूमिपूजन के दौरान कही।ग्राम में विधायक बर्डे के पहुंचेने पर ग्रामीण जनों ने जोरदार ढोल ताशो और आतिशबाजी के साथ विधायक एवं अतिथियों का अभिनंदन किया वही से रैली के रूप में भूमि स्थल पहुंचकर भवन का भूमि पूजन कर भगवान श्री वाल्मीकी जी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। अपने उद्बोधन में विधायक जी ने कहा की मैं हमेशा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन जी यादव से मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए ततपर रहता हूं मैं एक छोटे से गांव का किसान का बेटा हूं मध्यमवर्ग परिवार का बेटा हूं और विधानसभा जीतने के बाद मैं हर गांव में गया हूं और वहां जाकर बोला हूं कि मुझे आपके गांव की जो भी समस्या हो उसे पूर्ण करूंगा हमारे नेता श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार है सबका साथ सबका विकास और सबका कल्याण की भावना लेकर काम करने वाली सरकार है गरीबों के विकास करने वाली सरकार है माता बहनों को सम्मान दिलाने वाली सरकार है हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो बोलती है उसे पूर्ण करती है। भवन बहुत अच्छा बनेगा और चिंता नहीं करना भवन सभी के उपयोग के लिए उपलब्ध रहेगा कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, नगर पंचायत अध्यक्ष दशरथ निकुम ,वरिष्ठ नेता कौशिक पटेल, नारायण बागुल श्याम हरसोला, सूर्यकांत ऐसीकर, सरपंच देवदास बोरसे काशीनाथ अन्ना पंडित माली सचिन चौहान सोहन संचेती कमलेश राजपूत ईश्वर जाधव राम सोनवने सचिन चौहान प्रकाश जोशी मन्ना शुक्ला जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला बाई अजय निकुम, गोरख जाधव जुगनू भाई तथा कोली समाज के वरिष्ठ नथु जी बागुल, मोतीराम सावले, सुनिल सोनी दीपक सोनिस, विजय चौधरी बापू कुंवर, संजू सांवले, रिटायर्ड इंस्पेक्टर अमृत महाले जी गोपाल चिते ललित सोनीस प्रकाश सांवले एवं ग्राम पंचायत के गण मान्य नागरिक माता बहने बड़ी संख्या उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन अशोक चोपड़ा ने किया विधायक द्वारा ग्राम मिली सौगात व विधायक की कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सेनदाने,चिन्धा रतन,जीवन अर्जुन सहित खेतिया के वरिष्ठ कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए जिनका विधायक व अतिथियों ने स्वागत किया।

## "विकसित भारत 2047 में युवाओं की भूमिका" पर इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन



रंजीत टाइम्स

खरगोन- प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, खरगोन की एनसीसी इकाई द्वारा "रोल ऑफ यूथ फॉर विकसित भारत 2047" विषय पर एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में, तथा 36 एमपी बटालियन एनसीसी, खंडवा के तत्वाधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला सशक्तिकरण समिति प्रभारी डॉ. ललिता बर्गे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताते हुए सशक्त, शिक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में उनके योगदान पर बल दिया। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन तथा नैतिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानंद युवा युवा संसाधन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रोफेसर गगन पाटीदार ने युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अभिप्रेरणा, सकारात्मक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास, सतत प्रयास, तकनीकी ज्ञान एवं कौशल का निरंतर विकास ही वह गुण हैं जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होंगे। प्रो. पाटीदार ने यह भी कहा कि युवा वर्ग को आधुनिक तकनीक, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा की भावना के साथ आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्ण रूप से तत्पर रहना चाहिए। स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. गणेश पाटिल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों, आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी सोच को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़े आदर्शों को अपनाकर देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर समस्त एनसीसी कैडेट्स, सहायक प्राध्यापक धर्मेंद्र पाटीदार, डॉ. आयुषी पुरोहित, प्रो. दिव्यानी राठौर एवं कॉलेज स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# कालिदास अकादमी परिसर में रोजगार पर्व- 2 का आयोजन किया गया मुख्यमंत्री डॉ यादव वीसी के माध्यम से हुए शामिल

**रंजीत टाइम्स**



उज्जैन । कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में रोजगार पर्व-2 का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोपाल से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहा कि आज रोजगार पर्व में 25 से अधिक कंपनियों के द्वारा महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। हम सबके लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है। महिलाओं पर केंद्रित रोजगार पर्व एक बहुत अच्छा आयोजन है। श्री राजकुमार जटिया जी की संस्था के द्वारा यह बहुत अच्छा और अनुकरणीय प्रयास किया गया है। इससे महिलाओं के जीवन में खुशहाली आएगी, महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के लिए आरक्षण प्रदान किया गया है। महिलाओं के लिए अलग से बजट में प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा के उज्जैन में आने वाले समय में रोजगार के और भी अवसर प्रदान किए जाएंगे ।उज्जैन को आईटी क्षेत्र में आगे बढ़ाएंगे। सरकार की ओर से हर संभव सहायता महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रदान की जाएगी । मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी को शुभकामनाएं दीं

इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री तथा उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, उज्जैन उत्तर के विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर पालिका निगम की अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, श्री संजय अग्रवाल, डॉ सत्यनारायण जटिया, समाजसेवी श्री राजकुमार जटिया एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने इस अवसर पर कहा कि आज इस कार्यक्रम में 25 से अधिक कंपनियां यहां पर रोजगार प्रदान के अवसर प्रदान करने के लिए आई हैं । इससे निश्चित रूप से महिला सशक्तिकरण की दिशा में हम और अग्रसर होंगे। सभी बहनों को रोजगार के अवसर प्राप्त हों, यही ईश्वर से कामना है। उन्होंने अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं दी। श्रीमती कलावती यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज का आयोजन महिला सशक्तिकरण के ऊपर केंद्रित है । वर्तमान में हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। निश्चित रूप से ऐसे आयोजन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत कारगर साबित होंगे। उन्होंने अपनी ओर से सबको शुभकामनाएं दीं । श्री सत्यनारायण जटिया ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही देश समृद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि रोजगार पर्व का आयोजन श्री राजकुमार जटिया की संस्था सत्यज फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। इसमें महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए लगभग 25 कंपनियां के द्वारा वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में लगभग 700 से 800 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों के द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण भी सुना गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई की पूर्व में 2023 में संस्थान के द्वारा इस प्रकार का आयोजन किया गया था। जिसमें 400 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए थे । आज के कार्यक्रम में लगभग 800 से 1000 लोगों ने पंजीयन कराया है। अतिथि उद्बोधन के पश्चात इंटरव्यू प्रारंभ हुए । रोजगार पर्व के अवसर पर आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियर और उसके पश्चात ग्रेजुएशन के उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए गए।

## मन की बात कार्यक्रम ग्राम मालाखेडी बुथ क्रं. 261 पर सुना गया

**रंजीत टाइम्स**



नागदा जं.। भाजपा पिछडा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखन गुर्जर ने यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 121वाँ एपिसोड ग्राम मालाखेड़ी के बूथ क्रमांक 261 पर स्थानीय कार्यकर्ता ग्रामीणजन के साथ सामूहिक रूप से श्रवण किया गया। गुर्जर ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कड़ी कार्यवाही करने एवं आतंकवाद का सफाया करने पर प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठोस कदम उठाने की बात कही। उन्होने मृतको के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा। हमले के बाद देश का खून खौल रहा है। साजिश करने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर विक्रम आंजना, जीवन सिंह सरपंच, मनोहर सिंह गुर्जर, विजय गुर्जर, मोहन सिंह गुर्जर, गोविंद चौधरी, वीरेंद्र आंजना, मोहन चौकीदार, बद्री लाल गुर्जर, ललित गुर्जर, मेहरबान सिंह आदि ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संविधान बचाओ अभियान के तहत इंदौर में प्रेसवार्ता को संबोधित किया...

इंदौरः मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे संविधान बचाओ अभियान के अंतर्गत आज इंदौर की होटल सरोवर पोर्टिको में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भाजपा सरकार हर दिन हमला कर रही है। जनता को सरकार द्वारा किए जा रहे इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी 'संविधान बचाओ अभियान' शुरू करने जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार द्वारा गंभीर प्रहार किया जा रहा है। उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने पत्रकार वार्ता में कहीं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की "संविधान बचाओ यात्रा" केवल कांग्रेस पार्टी का आंदोलन नहीं है। यह देश के हर उस नागरिक का आंदोलन है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करता है। उन्होंने कहा यह आंदोलन मात्र वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज़ है।

कांग्रेस द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख बिंदु — सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय — केवल घोषणाएँ नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक ज़रूरतें हैं।

अभियान की रूपरेखाः "संविधान बचाओ" अभियान

25 अप्रैल से 30 मई 2025 तक चार चरणों में संचालित होगाः

25-30 अप्रैल : सभी राज्यों में जिला स्तर पर जनसभाएँ।

5-10 मई : सभी जिलों में ब्लॉक स्तर पर जनसभाएँ।

11-17 मई : प्रदेश विधानसभाओं में आम जनता के साथ संवाद और सभाएँ।

20-30 मई : घर-घर जाकर प्रचार और "संविधान बचाओ" का संदेश प्रसारित करना।

### अभियान की प्रमुख मांगें

जातीय जनगणना कराई जाएः सामाजिक न्याय की नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जातीय संरचना की स्पष्टता आवश्यक है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाएः समानता के अधिकार की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है। आरक्षण की सीमा 50% से अधिक बढ़ाई जाएः वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के अनुसार आरक्षण की पुनर्समीक्षा आवश्यक है। आर्थिक न्याय सुनिश्चित किया जाएः किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को कानूनी दर्जा दिया जाए। किसानों के कर्ज माफ कर उन्हें आर्थिक राहत प्रदान की जाए। राजनीतिक न्याय की रक्षा की जाएः सभी सामाजिक समूहों को समान राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए। लोकतंत्र और समानता की रक्षा संविधान की भावना के अनुसार होनी चाहिए

### प्रमुख चिंताएँ

बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी पर सरकार की विफलता।

न्यायपालिका की गिरती साख।

सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग।

MSME सेक्टर की उपेक्षा।

किसानों और मजदूरों की समस्याओं की अनदेखी।

देश के युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, लेकिन विदेशी कंपनियों को लगातार ठेके दिए जा रहे हैं। सरकार न तो देश के युवाओं को पर्याप्त रोजगार दे पा रही है -

# माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पुलिस टीम ने 04 आरोपियो को किया गिरफ्तार

**रंजीत टाइम्स**

खरगोन- वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन मे व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुंतला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारीयों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना सनावद पर कॉपर तार चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की गई है ।




### घटना का संक्षिप्त विवरण

शनिवार को फरियादी भीकनगांव-बिंजलवाड़ा माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट के एच.आर. मेनेजर वैंकटेश्वर राव ने थाना सनावद पर सूचना दी कि, गत शुक्रवार की रात्रि मे उक्त प्रोजेक्ट के अंतर्गत पम्प हाउस-2 मे निर्माण कार्य चल रहा है तथा उक्त पम्प हाउस-2 की बाउंडरी वाल के ऊंपर लगे तार फेंसिंग को काटकर अज्ञात बदमाशो द्वारा पम्प हाउस की बाउंडरी वाल के अंदर रखा एक ट्रांसफार्मर को ट्रांसफार्मर के अंदर लगे हुए कापर की कोइल करीब 350 कि.ग्रा. एवं पम्प हाउस पर कनेक्टिविटी हेतु बिछाये गये करीब 2000 मीटर विद्युत केबल नही थे, जिन्हे की रात्रि मे कोई अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया है। प्राप्त सूचना के आधार पर अपराध क्रमांक 149/2025 धारा 331(4) 305(A), 324(5) BNS का कायम कर विवेचना में लिया गया । क्षेत्र मे हो रही चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्रीमति शकुंतला रुहल व एसडीओपी मण्डलेश्वर मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे व थाना प्रभारी सनावद निरीक्षक रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया व मामले के खुलासे हेतु लगाया गया । प्राप्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस टीम ने इस प्रकार की चोरी करने वाले गिरोह व वर्तमान मे सक्रिय गिरोह/क्षेत्र मे सक्रिय संदिग्धों की जानकारी प्राप्त की गई व संदिग्धो को चिन्हित कर मुखबिरों को लगाया गया । परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, संदिग्ध हुलिये की दो गाडीया काटकूट रोड पर रामकुल्ला फाटे के जंगल में खडी है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान की ओर रवाना किया गया, जहाँ एक सफेद रंग की पिकअप तथा एक सफेद रंग की XUV-500 वाहन खड़ी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गाडी में बैठे व्यक्तियो को पकडकर उनका नाम पता पूछते उन्होने अपना नाम क्रमशः 1. प्रदीप पिता सत्यनारायण यादव उम्र 25 साल निवासी कैलाश कालोनी पीथमपुर सैन्कटर नं. 01 जिला धार 2. देवेन्द्र पिता महेश सिलोदिया उम्र 25 साल निवासी हवा बंगला छोटा श्रीराम नगर मकान नं. 29/30 इन्दौर थाना द्वारिकापुरी इन्दौर, 3. सुरेश पिता चंदू कुण्डेस उम्र 36 साल निवासी मकान नं. 68 पुष्पपुन्ज कालोनी इटावा देवास वार्ड क्र. 07 थाना सिविल लाईन जिला देवास का होना बताया, जिनसे वाहन की तलाशी देने का बोलने पर उनके द्वारा आनाकानी की गई किन्तु पुलिस टीम द्वारा हिकमतअमली से पूछताछ कर वाहन की तलाश लेते महेन्द्र पिकअप वाहन मे 04 सफेद प्लास्टिक की थैलियो में भरकर रखे तामे की क्वाईल तथा 07 बंडल मे विद्युत केवल लंबाई करीब 350 मीटर एवं वाहन XUV-500 मे पीछे डिक्की में एल्युमिनियम के विद्युत तार करीब 100 किलो. मिले जिसके संबंध में आरोपीयो से मनोविज्ञानिक ढग से पूछताछ करते पकडे गये व्यक्तियो द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुये नलवा नहर के पास पम्प हाउस से ट्रासफार्मर खोलकर उसमे से तांबे की प्लेट एवं क्वाईल तथा जमीन पर बनाये गये ट्रैन्च मे बिछी हुयी विद्युत केबल चुराना बताया । पुलिस अभिरक्षा मे लिये गये आरोपियों से सूक्ष्मता से पूछताछ करने पर उनके दो साथी अजय बैरागी एवं किशन कुछ माल लेकर इन्दौर जाना बताया तथा एक साथी ब्रजेश बडवाह तरफ जाना बताया । प्राप्त जानकारी पर कार्यवाही करते हुए एक टीम इन्दौर की ओर रवाना की तथा दूसरी टीम बड़वाह तरफ रवाना होकर आरोपियों द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति बड़वाह मे दिखाई दिया जिसे पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ करते उसने अपना नाम बृजेश पिता रामलोचन भारद्राज निवासी देपालपुर इन्दौर का होना बताया । पुलिस टीम द्वारा चोरी की गये कॉपर तार व घटना मे प्रयुक्त 02 वाहन जप्त करने मे सफलता पाई है ।

पुलिस टीम उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग बड़वाह श्रीमति अर्चना रावत के मार्गदर्शन मे व थाना प्रभारी सनावद निरीक्षक रामेश्वर ठाकुर के नेतृत्व मे उप निरीक्षक करणसिंह डावर, सउनि शिवप्रसाद वर्मा, सउनि संदीप कुशवाह, सउनि आबिद शेख थाना करही, प्रआर. 940 रविन्द्र चौहान, आर. 1012 सुमित भदौरिया, आर. 103 श्रीकृष्ण बिरला, आर. 218 नरेन्द्र चंदेल, आर. 22 गजेन्द्र कनासे, आर. 126 उदयराज मीणा, आर. 797 नितिन, आर. 205 दीपक तौमर थाना बडवाह, आर.844 रामदास रावत, आर. 745 अजय सोलंकी एसडीओपी कार्यालय बडवाह, आर. अभिषेक राणावत थाना करही, थाना का अन्य स्टाफ व सायबर टीम का विशेष योगदान रहा ।

# एमएसएमई पीसीआई के सराहनीय प्रयासों से इंदौर हुआ भारत का पहला 100 % औद्योगिक जिला , 2030 तक सभी पंचायतों में एमएसएमई उद्योग लगाने का रखा गया लक्ष्य

इंदौर। मध्यप्रदेश ( इंदौर ) एमएसएमई प्रोमोशन काउंसिल इंडिया के पिछले 3 वर्षो से किए जा रहे सराहनीय प्रयासों , प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवम नवाचारों से इंदौर भारत का पहला पूर्ण उद्योगकृत जिला बन गया है। इंदौर ने भारत में इतिहास रचते हुए ऐसा पहला जिला बनने का गौरव प्राप्त किया है, जिसकी सभी पंचायतों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्योग स्थापित हो गए हैं। इस उपलब्धि से न केवल जिले का औद्योगिक परिदृश्य सशक्त हुआ है, बल्कि स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी मिले हैं। एमएसएमई पीसीआई के विकसित भारत 2047 विजन कार्यक्रम के अंतर्गत एमएसएमई पीसीआई के जिला संयोजक नामेश पाटिल ने ग्रामीणों एवम जिला प्रशासन के साथ मिल कर कार्य किया , कलेक्टर श्री आशीष सिंह का इसपर पूर्ण आशीर्वाद एवम मार्गदर्शन रहा तथा इंदौर जिले की शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापना का नव उद्यमी महत्वाकांक्षी अभियान गत वर्ष अप्रैल 2024 से पूर्णतया प्रारंभ किया गया था । जिसकी आधारशिला पिछले 3 वर्षो से एमएसएमई पीसीआई के द्वारा रखी जा रही थी , परिणाम स्वरूप मात्र एक वर्ष की अल्प अवधि में अभियान के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है। श्री आशीष सिंह के निर्देशन एवम पीसीआई के सहयोग से गत एक वर्ष से लगातार विशेष अभियान चलाकर जिले की 160 ऐसी पंचायतें, जहाँ पूर्व में कोई उद्योग नहीं था, उनमें 336 नए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग स्थापित कराए गए।

एमएसएमई पीसीआई का यही लक्ष्य अब भारत के हर जिले के लिए है अभी भारत के 50 चयनित जिलों पर कार्य चल रहा है , संगठन का उद्देश्य 2030 तक 1 लाख नव उद्यमियों को तेयार कर उद्योग स्थापना है, इसके लिए 14 अप्रैल 2025 से बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर वोकेशनल एवम नव उद्यमी कार्यक्रम की भी शुरुवात की गई है। इस उपलब्धि से न केवल स्थानीय बेरोज़गारी में कमी आई है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। दिल्ली में आज एमएसएमई पीसीआई के चेयरमैन ने इसे "आत्मनिर्भर ग्राम" की दिशा में एक बड़ी पहल बताया है। शीघ्र ही काउंसिल की और से नव उद्यमियों का एक अभिनंदन समारोह भी रखा जाएगा जिसमें जिला कलेक्टर , जिला उद्योग अधिकारी , पीसीआई की जिला टीम ,बैंक एवम सरपंचों के साथ नव उद्यमियों का सम्मान किया जाएगा।

इंदौर जिले की 100% पंचायतों में उद्योग स्थापना

इंदौर जिले में कुल 334 पंचायतें हैं, इनमें पूर्व से 174 पंचायतों में 500 उद्योग स्थापित थे। शेष 160 पंचायतों में किसी भी तरह के उद्योग नहीं थे। इसको देखते हुए योजना के तहत एवम जिला कलेक्टर आशीष सिंह के मार्गदर्शन से उद्योग विहीन सभी 160 पंचायतों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम स्तर के उद्योग लगाने का लक्ष्य तय किया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने सभी संबंधित विभागों के समन्वय से एक विशेष अभियान गत अप्रैल माह से शुरू किया। जनपद पंचायत, जिला व्यांपार एवं उद्योग केन्द्र, मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन , उद्यानिकी विभाग एवं बैंक अधिकारियों के समन्वय से यह अभियान पूरे वर्ष सक्रिय रूप से संचालित रहा। अभियान के अंतर्गत सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर लगातार प्रयास किये गए। एक वर्ष की अवधि में ही अभियान के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्थामनीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लगभग 90 करोड़ के ऋण विभिन्ना बैंकों के माध्यम से वितरित कराए गए हैं।

# डी आर पी लाईन में आयोजित किया गया वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**750 से अधिक शासकीय कर्मचारीगण एवं उनके परिजन हुए लाभान्वित**

## उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज बहुगुणा की उपस्थिति में किया गया वार्षिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ

**रंजीत टाइम्स**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार , पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग, उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड़ रेंज खरगोन सिद्दार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) नरेंद्र रावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल के मार्गदर्शन में डी आर पी लाईन खरगोन में रविवार को एक दिवसीय मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है । इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में ज़िला चिकित्सालय खरगोन, सुंदरमा अस्पताल खरगोन, विराज अस्पताल खरगोन, एवं अन्य निजी चिकित्सालयों के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ, नर्सिंग स्टॉफ एवं सहायकों द्वारा नि:शुल्क सेवाएं



प्रदान की जिनमें प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर कमलेश सराफ (नेत्र रोग विशेषज्ञ) ,डॉक्टर अखिलेश सराफ (दंत रोग विशेषज्ञ) एवं डॉक्टर अशोक महाजन के साथ लगभग 20 नर्सिंग स्टॉफ; ओ पी डी की टीम, लैब टेक्नीशियन, फार्मेसी की टीम एवं कार्यालय सिविल सर्जन और ज़िला चिकित्सालय से डॉक्टर मयंक पाटीदार (मेडिकल विशेषज्ञ), डॉक्टर चेतन पटैदे (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर डी एस चौहान (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर विजय पाटीदार (सर्जिकल विशेषज्ञ), डॉक्टर हर्ष महाजन ( चेस्ट रोग विशेषज्ञ) और इनके साथ 5 नर्सिंग स्टॉफ की टीम, विराज अस्पताल से प्रसिद्ध डॉक्टर एवम वरिष्ठ गाइनोकोलॉजिस्ट डॉक्टर विराज भालके, विराज अस्पताल के डॉक्टर प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर चिन्मय भालके आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस मेडिकल कैंप में जिला अस्पताल खरगोन से सी एम एच ओ खरगोन डॉक्टर एम एस सिसोदिया, सिविल सर्जन खरगोन डॉक्टर ए एस चौहान भी लगातार मौजूद रहकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मेडिकल कैंप में जनरल ओ पी डी, ई सी जी, ब्लड इन्वेस्टिगेशन , शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल की जांच, नाक कान गला विभाग, स्त्री रोग विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट , शिशुरोग विशेषज्ञ, नेत्र चिकित्सक, दंत चिकित्सक, अस्थि रोग विशेषज्ञ, जनरल मेडिसिन, सर्जरी आदि विधाओं के प्रसिद्ध डॉक्टर मौजूद रहे है। इस मेडिकल कैंप का उद्देश्य पुलिस एवं अन्य सुरक्षा कर्मचारियों और उनके परिजनों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदाय करना तथा उनको स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना भी है। अनेक बार लगातार ड्यूटी, कानून व्यवस्था में व्यस्त होने, अनियमित जीवन शैली, असमय खान पान और अपर्याप्त नींद के कारण तनाव एवं अन्य बीमारियां हो सकती हैं। इसके ये योग, ध्यान, व्यायाम के साथ साथ स्वास्थ्य परीक्षण भी आवश्यक है, जिससे समय पर बीमारियों का पता लगाकर उनका इलाज किया जा सके और पुलिस कर्मचारियों को तनाव मुक्त रखा जा सके। स्वयं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाना कर्मचारियों में विश्वास को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में मौजूद सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों का प्रशस्ति पत्र, शॉल श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सभी मेडिकल स्टॉफ का आभार भी प्रकट किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित चिकित्सक,स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने एक साथ सुरुचि भोजन भी किया।

# शराब से प्राप्त राजस्व के भरोसे एमपी मे जनकल्याण

**नरेंद्र तिवारी ,स्वतंत्र लेखक**

दुनियाँ के ज्ञानियों ने एक स्वर मे कहा है, पवित्र लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये साधनों की पवित्रता का होना भी जरुरी है, जब एक राष्ट्र के किसी हृदय प्रदेश मे जनता के कल्याण की बात हो तो साधनों की पवित्रता का होना बेहद अत्यंत जरुरी हो जाता है। यहां हम मध्यप्रदेश की बात कर रहे है। जहां प्रदेश के मुखिया ने वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति मे बदलाव करते हुए प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों मे शराबबंदी का जनकल्याण कारी निर्णय लिया है। उनका यह कदम स्वागत योग्य है। हालांकि इस निर्णय से उज्जैन स्थित कालभैरव मंदिर भी प्रभावित हुआ जहां के बारे मे यह मान्यता है की कालभैरव को शराब प्रसाद के रूप मे चढ़ाई जाती है, शराब चढ़ाने की यह परम्परा अति प्राचीन है,जो उज्जैन के कालभैरव मंदिर मे बरसों से प्रचलित थी, इस हेतु प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण मे शराब काउंटर स्थापित कर रखे थे,जो एमपी की नविन शराब नीति के तहत हटा लिये गए है।

मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 19 धार्मिक स्थलों पर शराबबंदी के निर्णय के दौरान कहा था की 'जनभावनाओं का ध्यान रखते हुए, धार्मिक स्थानों की पवित्र गरिमा को बनाए रखने के लिये, शराबबंदी का निर्णय लिया गया है।'

सवाल यह उठता है की जनभावना का ख्याल महज 19 धार्मिक क्षेत्रों के लिये ही क्यों रखा गया.. ? यह नेक और जनहितकारी निर्णय सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिये क्यों नहीं लिया गया..? जबकि एमपी मे भाजपा सरकार के राज मे धर्म, कर्म और आस्था की ध्वजा चारो दिशाओं मे फहरा रही है। हर शहर, हर गाँव के नागरिक चाहते है की प्रदेश मे अधूरी नहीं पूर्ण शराबबंदी हो। इस सच्चाई से मुंह नहीं मोडा जा सकता है की शराब के अत्यधिक सेवन से नागरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, शराब पीना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। अनेक विवादों मे शराब ने नकारात्मक भूमिका निभाई है, शराब समाज मे अशांति और विवादों का कारण मानी जाती रही है। अधिकांश सडक दुर्घटनाओं मे शराब पीना एक महत्वपूर्ण कारण माना गया है। यह तथ्य प्रमाणित और सच है की शराब से समाज को नुकसान पहुँचता है, नागरिक समाज मे अशांति फैलती है, शराब समाज के विकास मे बहुत बड़ी रुकावट है। किंतु मध्यप्रदेश सरकार गुजरात और बिहार की तर्ज पर पूर्ण शराबबंदी लागू कर पाने का साहस नहीं दिखा पा रही है, जिसका महत्वपूर्ण कारण शराब के ठेकों से प्रदेश को प्राप्त होने वाला राजस्व है। जो सरकार की महत्वपूर्ण जरूरत बन गया है, जिसके मोह मे फंसकर सरकार शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व से जनकल्याण कर विकास और जनहित का ढिढोरा पिट रही है।

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के राजस्व मे शराब ठेकों से प्राप्त राजस्व का बड़ा योगदान है। शराब बिक्री राज्य के खजाने मे 15% का योगदान देती है, जो इसे गैर कर आय के सबसे बड़े स्त्रोत मे से एक बनाती है। सरकार को वर्ष 2023 मे शराब ठेकों से 13590 करोड़, वर्ष 2024-25 मे 16000 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, वर्ष 2025-26 मे आबकारी विभाग का लक्ष्य 16500 करोड़ रु है, याने शराब के ठेकों से प्राप्त राजस्व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्त पोषण मे महत्व पूर्व भूमिका निभाता है। 19 धार्मिक महत्व के स्थानों मे शराबबंदी से राजस्व मे हुए घाटे को रोकने के लिये सरकार ने शराब की कीमतों मे वृद्धि का निर्णय लिया है।

1अप्रेल 2025 से एमपी मे लागू नवीन शराब नीति से महंगे हुए शराब ठेकों के बाद प्रदेशभर मे अवैध शराब के पकड़ाने, कीमतों मे हुई वृद्धि के परिणाम स्वरूप ग्राहक और दूकानदार के मध्य विवादों की खबरों से अख़बार भरे पड़े है। प्रदेश मे अवैध शराब के पकडाने शराब दुकानों पर क़ीमत बढ़ने से हो रहे विवाद प्रतिदिन कहीं न कहीं सुनाई पड़ रहे है।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र अलीराजपुर मे कांग्रेस नेता महेश पटेल ने प्रदेश मे पूर्ण शराब बंदी की वकालत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया की आबकारी विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से ग्रामीण रास्तों से शराब गुजरात पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा की एक ओर सरकार शराबबंदी के प्रयास कर रही है, दूसरी ओर ठेकेदार ओर विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इसी प्रकार का आरोप आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक विक्रांत भूरिया ने मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मे आयोजित पत्रकार वार्ता मे प्रदेश सरकार पर यह आरोप लगाया की आदिवासी क्षेत्रों को शराब का गढ़ बना दिया है, पुरे प्रदेश को शराब के नशे मे डूबाकर हमारी पीढ़ियों को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने धार कलेक्टर के उस पत्र का भी जिक्र किया जिसमे नकली होलोग्राम से शराब का कारोबार होने, पकड़ाए जाने पर वाहन के चालक पर कार्यवाही किये जाने और शराब के मालिक पर कोई एक्शन नहीं लिये जाने की बात कही। यह तथ्य भी जगजाहिर है, एमपी मे जिन 19 स्थानों पर शराब प्रतिबंधित की गयी है वहां शराब का अवैध कारोबार फलने-फूलने लगा है। खासकर आदिवासी और सीमावर्ती क्षेत्रों मे देखा गया है की दुकानों का मूल्य करोडो रुपया है, किंतु काउंटर पर शराब की उतनी बिक्री नहीं है। यह स्थिति शराब की अवैध तस्करी का उदाहरण है। यह भी देखने मे आता है की शराब ठेकों की शराब अधिकृत काउंटर से कम सड़क किनारे स्थित ढाबो, गाँव की दुकानों मे खुलेआम बिकती नजर आ रही है। शराब के ठेकों मे नेताओं, माफियाओं और धन्ना सेठों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है, पुलिस और आबकारी विभाग भी इस गठजोड़ मे शामिल दिखाई देता है। इस गठजोड़ के परिणामस्वरूप एमपी के बड़े शहरों, नगरों एवं गाँवो मे अवैध शराब का गौरख धंधा फल फूल रहा है। अभी एक माह भी नहीं हुआ शराबबंदी वाले धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से शराब की उपलब्धता आसान हो गयी है।